# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **स्वीप कार्यक्रम के तहत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान, चुनाव कर्मियों को भी दिया जा रहा प्रशिक्षण।**
2. **जेईई मेन अप्रैल सत्र की परीक्षा तिथि में बदलाव, अब चार से नौ अप्रैल तक होगी परीक्षा।**
3. **मौसम विभाग का पूर्वानुमान, अगले दो दिन गर्जन और वर्जपात के साथ बारिश के आसार, एक अप्रैल से छटेंगे बादल।**
4. **सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में हिस्सा लेंगी झारखंड की 10 खिलाड़ी, सिमडेगा की आठ और खूंटी की दो खिलाड़ी शामिल।**

*****************

लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान को लेकर राज्यभर में कई अभियान चलाये जा रहे हैं। सरायकेला खरसावां में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने चुनाव जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर और सेल्फी अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी सरकारी कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी अभियान प्रारंभ की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। इधर सरायकेला नगर पंचायत में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, इस स्लोगन के साथ महिलाओं ने रंगोली बनाई। साथ ही ज्यादा से ज्यादा वोटरों को कैसे जागरूक करें इस अभियान के तहत उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई।

*****************

भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार ने बोकारो समाहरणालय के सभागार में स्वीप के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए बेहतर कार्य हो रहा है, इसे आगे भी जारी रखना है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का मतदान दिवस के दिन टर्न आउट हो। इसके अलावा उन्होंने रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को नोडल बनाकर उन्हें मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय करने की बात कहीं। साथ ही, ट्राइबल क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को जारी रखने का निर्देश दिया।

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब भी समय है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग–अलग लोकसभा क्षेत्र में मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 प्राप्त किए जाने की तिथि निर्धारित है। ये बातें उन्होंने धनबाद में आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि धनबाद में 26 अप्रैल तक बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 प्राप्त किया जाएगा। एक अप्रैल 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के छूटे हुए अन्य योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं।

*****************

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने खूंटी लोकसभा के तमाड़ क्षेत्र में चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। तमाड़ प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले सुदूरवर्ती इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं बहाल करने का निर्देश दिया।

*****************

साहिबगंज जिले में महिला किसान सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को रेशम उद्योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें आधुनिक तकनीक और मशीनों से ककून से रेशम निकालने के तरीके सिखाये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेइइ मेन अप्रैल सत्र की परीक्षा तिथि में बदलाव कर दिया है। पहले जेइइ मेन चार से पंद्रह अप्रैल तक होना था, जिसे बदल कर चार से नौ अप्रैल कर दिया गया है। एनटीए ने परीक्षा तिथियां गुरूवार को जारी कर दी हैं। परीक्षा प्रत्येक दिन दो पालियों में होगी।

******************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो दिन बारिश का पूर्वानुमान जताया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार उत्तरी बिहार और दक्षिणी असम साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण 30 मार्च और 31 मार्च को बारिश के साथ–साथ गर्जन और वर्जपात की भी संभावना है। एक अप्रैल से मौसम साफ हो जाएगा।

******************

देवघर पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों पर गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए ग्यारह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 13 मोबाइल,17 सिम,2 एटीएम कार्ड और दो पहिया वाहन ज़ब्त किये हैं।

******************

आज गुड फ्राइडे है। गुड फ्राइडे, ईस्टर से पहले के शुक्रवार को मनाया जाता है। प्रभु यीशू के बलिदान को याद करते हुए रांची समेत राज्य भर के गिरजाघरों में सुबह से प्रार्थना सभा की जा रही है ।

******************

साई सेंटर,बंगलुरु में एक अप्रैल से सात अप्रैल तक आयोजित सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की 10 महिला हॉकी खिलाड़ी का चयन किया गया है। इसमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग शामिल है। इन 10 खिलाड़ियों के अलावा झारखंड की ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल की गयी हैं। इन सभी खिलाड़ी का चयन 13 से 23 मार्च तक पुणे में आयोजित 14वां हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चौंपियनशिप 2024 में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

******************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

राज्य के अधिकांश अखबारों ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम और राजनीतिक गतिविधियों को पहली सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– पांच बार सांसद रहे रामटहल कांग्रेस में शामिल, रांची से लड़ सकते हैं चुनाव।

**भारतीय विधिज्ञ परिषद ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा, अदालत पर दबाव बना रहा समूह, शीर्षक के साथ हिंदुस्तान** ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – दुमका के चर्चित पेट्रोल कांड में दोषी शाहरुख और नईम को आजीवन कारावास।

अब जेईई मेन अप्रैल सत्र की परीक्षा चार से नौ अप्रैल तक, प्रभात खबर ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– महाराष्ट्र के चुनावी मैदान में उतरे गोविंदा।

**राष्ट्रीय नवीन मेल** ने लिखा है –झारखंड में एनडीए गठबंधन के सीट बंटवार तय, भाजपा तेरह , आजसू एक सीट पर लड़ेगा चुनाव।

1 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिंदुस्तान टाइम्स ने** इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है

******************

**<u>संक्षिप्त खबरें</u>**

- अग्नि प्रभावित झरिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची में विस्थापित मतदाताओं के नाम का मिलान कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया।
- चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते जिले के पुलिस, वन और कानून व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की।
- रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

- पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी थाना क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड में एक आरोपी को पुलिस में गिरफ्तार किया है।
- कोडरमा के चंदवारा थानाक्षेत्र में ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प में चंदवारा थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए वही पुलिस की ओर से किये गए लाठीचार्ज में कई ग्रामीणों के घायल होने की भी सूचना है।

************समाप्त************